Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 01-03-2007

Participants : Rawat Prof. Rasa Singh

Title: Shortage of LPG in Rajasthan.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्ति करना चाहता हूं कि कि राजस्थान में एलपीजी गैस की किल्लत दूर की जाए। राजस्थान में विगत कई महीनों से और विशोकर विवाह आदि सामाजिक समारोहों की धूम होने के कारण उपभोक्ताओं को घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति में अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। अनेक नगरों में एलपीजी सिलेण्डर प्राप्ति के लिए लम्बी-लम्बी लाइनें लगानी पड़ती हैं और लंबी प्रतीक्षा के बाद भी लोग वंचित रह जाते हैं। उपभोक्ताओं को सात दिन की जगह 10-15 दिन तक और एक सिलेण्डर वाले उपभोक्ताओं को 3-4 दिन तक इंतजार करना पड़ता है। पिछले दो-तीन महीनों से विवाहों की अत्यधिक तिथियां होने एवं त्यौहारों की प्रचुरता के कारण उपभोक्ताओं को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। नए गैस सिलेण्डर प्राप्त करने वाले व्यक्तियों का पंजीकरण करने में भी कोताही बरती जा रही है और पंजीकरण होने पर भी कई महीनों तक गैस उ पलब्ध नहीं हो पा रही है। गैस एजेन्सियों का कहना है कि हमें जितनी आवश्यकता है आपूर्ति उससे कम की जाती है, हम मजबूर हैं। अतः भारत सरकार से अनुरोध है कि राजस्थान के गांवों और नगरों में एलपीजी गैस की किल्लत अविलम्ब दूर करने के आदेश प्रदान करें जिससे गैस उपभोक्ताओं को सहज गैस उपलब्ध हो तथा आवश्यकतानुसार डीलरों की संख्या बढ़ाई जाए एवं व्यावसायिक दुरुपयोग रोकने के लिए ऑटो गैस के पम्प स्थापित किए जाएं।